# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–12 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचारकार्य तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभा को सबोधित कर रहे है और अपने प्रत्याशी के पक्ष मे वोट मांग रहे हैं। मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र के भैसाग्राम सभा में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पाण्डेय ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने काम के आधार पर जनता के बीच पहुंच रही है। समरस समाज का विकास और कानून का राज ही भाजपा का प्रमुख उद्देश्य है।

**********

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस और आरओ– एआरओ–दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में कराये जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन आज भी जारी रहा। प्रतियोगी छात्र प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के कार्यालय पर पहुंचे और एक दिवसीय परीक्षा बहाल करने के लिए प्रदर्शन करते रहे। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन उनका उन पर कोई प्रभाव नही पड़ा। उधर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स हैंण्डल पर छात्रों की मागों पर संवेदनशीलता दिखाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि सभी सक्षम अधिकारी छात्रों की मांग को संवेदनशीलता से सुने और शीघ्र समाधान निकाले। पीसीएस प्री की परीक्षा सात और आठ दिसम्बर को प्रस्तावित है। वहीं आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 बाइस और तेइस दिसम्बर को कराई जानी है।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आज महाकुंभ दो हजार पचीस की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे। सबसे पहले उन्होने एयरपोर्ट रोड़ का निरीक्षण किया और उसके बचे हुए कार्य को दस दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने सुबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया और किला स्थित अक्षयवट कॉरीडोर को देखा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय में उन्होंने महाकुंभ की सभी परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की और उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लेने के निर्देश दिए।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष दो हजार पच्चीस की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिये परीक्षा केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया को सार्वजनिक कर दिया है। परिषद की ओर से इस प्रक्रिया को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के प्रधानाचार्य या प्रबंधक परीक्षा के निर्धारण में किसी प्रकार की शिकायत माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर चौदह नवम्बर तक कर सकते हैं।

**********

एक आतंकवादी द्वारा अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद वहां हाई एलर्ट जारी कर दिया गया है। मंदिर की राम जन्मभूमि सहित सम्पूर्ण अयोध्या की सुरक्षा बढा दी गयी है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि राम मंदिर दर्शन राह सहित सभी प्रमुख स्थलों पर गहन जांच पड़ताल चल रही है।

**********

मिर्जापुर के चुनार में कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय नैनागढ़ महोत्सव की शुरूआत कल से होगी। इस महोत्सव के तहत कार्तिक पूर्णिमा के दिन चुनार के घाट पर इक्यावन हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएगें। महोत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसकी जोर–शोर से तैयारी चल रही है।

**********

देवोत्थानी एकादशी का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज सुबह श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों और सरोवरो में आस्था की डुबकी लगायी और भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि आज के दिन भगवान विष्णु निद्रा से जागते हैं इसके बाद हिन्दू धर्म में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन शुरू हो जाते हैं। इस पर्व पर तुलसी माता के विवाह का विधान भी है। उधर अयोध्या में प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले के दूसरे चरण की कल से शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा आज दोपहर संपन्न हो गयी। अट्ठारह वर्ग किलोमीटर लंबी इस परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मथुरा वृंदावन में भी देवात्थानि एकादशी के अवसर पर लाखों लोगों ने परिक्रमा की। इस अवसर पर वाराणसी में गंगा घाटों की सफाई कर लोगों को नमामि गंगे अभियान से जुड़ने की अपील की गयी। साथ ही नमामि गंगे टीम की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए तुलसी के पौधे बाटें गये।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कल से उत्तर प्रदेश और कर्नाटक क्रिकेट टीमों के बीच रणजी ट्राफी मैच शुरू होगा। मैच के लिए दोनो टीमे आज स्टेडियम पहुंची और जमकर अभ्यास किया। रणजी ट्राफी मैच के मौजूदा सत्र में उत्तर प्रदेश की टीम अभी तक कोई भी मैच जीतने में सफल नही हो सकी है।

**********